नमन | by Abhishek Kundra & Priyanka Chauhan

जबसे किया नमन के मेरे भाग खुल गए
मन को मिला अमन के मेरे भाग खुल गए
जबसे किया नमन के मेरे भाग खुल गए
जबसे किया नमन के मेरे भाग जग गए

खाटू वाले तेरा दर लगता है कितना सुन्दर
सजा हुआ है फूलों से बैठे हो जिसके अंदर
दु:ख का हुआ दमन.....
दु:ख का हुआ दमन के मेरे भाग जग गए
जबसे किया नमन के मेरे भाग जग गए

ये मेरा दिल झूम उठा, उनके चरणों को चूम उठा
आई बहारें गुलशन में रहमत का सागर झूम उठा
रहमत का सागर झूम उठा .....
खिलने लगे सुमन के मेरे भाग जग गए
जबसे किया नमन के मेरे भाग जग गए

श्याम तो ऐसी हस्ती है बसाते उजड़ी बस्ती है
इनका हुआ अभिषेक जहाँ रहमत तो वहां बरसती है
रहमत तो वहां बरसती है.....
नादान सत्य का कल के मेरे भाग जग गए
जबसे किया नमन के मेरे भाग जग गए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a4%a8-by-abhishek-kundra-priyanka-chauhan/